प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 03.09.2026 समय : 01:00 पी.एम.

0000

केन्द्रीय कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह आज मुंबई में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशनों और बैंकों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक का मुख्य उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों को दिए जाने वाले ऋण की औसत राशि बढ़ाने के लिए व्यक्तिगत उद्यम ऋण को दोगुना करना है। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने कहा कि बैठक में भारतीय रिजर्व बैंक, वित्तीय सेवा विभाग, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, सहकारी बैंक, नाबार्ड, पी.एफ.आर.डी.ए., केंद्रीय मंत्रालयों और अन्य प्रमुख हितधारक संस्थानों के वरिष्ठ प्रतिनिधि शामिल होंगे।

0000

पाली जिले में जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने के लिए जलवायु अनुकूल कृषि तकनीकों का प्रदर्शन किया जा रहा है। राष्ट्रीय नवाचार परियोजना के तहत केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान के कृषि विज्ञान केन्द्र की ओर से रोहट क्षेत्र के लालकी और सज्जनपुरा गांव में बाजरे और मूंग की उन्नत किस्मों का प्रदर्शन किया गया। इनमें बाजरे की काजरी मरू मोती और मूंग की एमएच–1142 किस्म शामिल हैं। प्रगतिशील किसानों के साथ इन फसलों का खेतों में अवलोकन किया गया। इस वर्ष कम वर्षा के बावजूद दोनों किस्मों का प्रदर्शन बेहतर पाया गया। इस दौरान लालकी गांव में जलवायु जोखिम प्रबंधन को लेकर बैठक भी हुई, जिसमें आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की गई।

0000

हरियालो राजस्थान अभियान के तहत डीग जिले में अब तक 12 लाख से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं। जिले को छह लाख 60 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य दिया गया था, जिसे पूरा करते हुए लक्ष्य से लगभग दोगुने पौधे लगाए गए हैं। जिला वन अधिकारी सुरेश मिश्रा ने बताया कि जिले में 300 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में हरित आवरण विकसित किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि पौधरोपण और हरित क्षेत्र के विकास से जिले में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिल रहा है।

0000

प्रदेश में एक सप्ताह से थमा मानसून फिर सक्रिय हो गया है और पूर्वी राजस्थान के कई इलाकों में बारिश का दौर शुरू हो गया है। पिछले 24 घंटे में भरतपुर के रूपवास में 27 मिलीमीटर, करौली के बालघाट में 18 और धौलपुर के बाड़ी में 12 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। भरतपुर शहर में सुबह से घने बादलों के बीच करीब एक घंटे तक झमाझम बारिश हुई, जिससे कई निचले इलाकों में जलभराव हो गया। अलवर और भीलवाड़ा में भी सुबह से बादल छाए रहे और कई स्थानों पर बूंदाबांदी हुई। राजधानी जयपुर में भी सुबह से बादल छाये हुए है और हवायें चल रही है। मौसम विभाग के अनुसार कल से बारिश की गतिविधियां बढ़ सकती हैं। जयपुर, भरतपुर, कोटा और अजमेर संभाग के कई इलाकों में बारिश की संभावना है। भरतपुर और कोटा संभाग में पांच से सात सितंबर के बीच कुछ स्थानों पर तेज बारिश के साथ कहीं–कहीं भारी बारिश हो सकती है। पश्चिमी राजस्थान में फिलहाल मानसून कमजोर रहने का अनुमान है।

0000

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षा के लिए इस बार रिकॉर्ड 20 लाख 46 हजार आवेदन प्राप्त हुए हैं। बोर्ड के इतिहास में पहली बार आवेदकों की संख्या 20 लाख से अधिक हुई है। ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया मंगलवार रात 12 बजे पूरी हो गई। विद्यार्थियों और स्कूलों को आवेदन में संशोधन के लिए सात से 16 सितंबर तक अवसर दिया जाएगा। इस दौरान आवश्यक संशोधन किए जा सकेंगे। बोर्ड की ओर से परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया छह जुलाई से शुरू की गई थी।

00000

शुद्ध आहार–मिलावट पर वार' अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग ने असुरक्षित खाद्य पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाई है। अगस्त में लिए गए नमूनों की जांच में पांच पैकेज्ड खाद्य पदार्थ असुरक्षित पाए गए। इनकी बिक्री, वितरण और प्रदर्शन पर प्रदेशभर में दो महीने के लिए पाबंदी लगाई गई है। विभाग ने नौ खाद्य प्रतिष्ठानों के लाइसेंस भी निलंबित किए हैं।

वहीं, बिना वैध लाइसेंस या रजिस्ट्रेशन के कारोबार करने वाले जयपुर के तीन प्रतिष्ठानों के लाइसेंस या रजिस्ट्रेशन निरस्त किए गए हैं। विभाग ने उपभोक्ताओं से खाद्य सामग्री खरीदते समय पैकेजिंग, लेबल, बैच नंबर और वैधता की जानकारी जांचने की अपील की है।

00000